जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
प्रथम तल, विद्युत भवन -2, बेली रोड, पटना – 800 021, दूरभाष :+91-612-250-4980, फैक्स : +91-612-250 4960, ईमेल :: info@brlp.in, वेबसाईट : www.brlp.in

पत्रांक:-BRLPS/Proj-SD/1613/19/ 1788 दिनांक:- 06-08-2019

कार्यालय आदेश

पृथ्वी दिवस के अवसर पर दिनांक 9 अगस्त, 2019 को राज्य भर में **"जल-जीवन-हरियाली"** पर जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अवधि में जल, हरियाली, पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा संवर्धन के प्रयोजन से राज्य, जिला, प्रखण्ड तथा ग्राम के स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

2. राज्य स्तर पर मुख्य कार्यक्रम पटना गाँधी मैदान के निकट अवस्थित **'बापू सभागार'** में आयोजित है जिसमें माननीय मुख्यमंत्री, अन्य मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी, जन प्रतिनिधि, जन सामान्य तथा जीविका की दीदियाँ उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिन के 11:00 बजे किये जाने वाला सम्बोधन को इलेक्ट्रोनिक संचार माध्यम से सम्पूर्ण राज्य में देखा एवं सुना जा सकेगा। बापू सभागार में राज्य स्तर पर पदस्थापित सभी जीविका कर्मियों की सक्रिय उपस्थिति अपेक्षित होगा। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में पटना जिला के आसपास के प्रखण्डों की लगभग 1500 जीविका दीदियाँ भी उपस्थित रहेंगी जिनको सभा-स्थल पर 10:00 बजे पूर्वाह्न तक सुरक्षित लाने तथा कार्यक्रम के उपरान्त वापस उनके घर तक पहुँचाने का दायित्व पटना जिला परियोजना समन्वयन इकाई तथा सम्बंधित प्रखण्ड परियोजना क्रियान्वयन इकाई का होगा।

3. राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले दीदियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने के लिए सुरक्षित वाहन की व्यवस्था जीविका की पटना जिला इकाइ द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में भाग लेनेवाली दीदियों के नाश्ता, भोजन, पानी की आपूर्ति वाहन में ही कर दी जायेगी इसके अतिरिक्त उनके लिए अपेक्षित संख्या में मेडिकल किट की व्यवस्था भी रखी जाय।

4. इस मद में होनेवाले व्यय की अधिकतम राशि प्रति दीदी 250 रुपये की दर से होगी जिसे **B.1.2.1.2 (Non-residential training/ orientation/meeting of member of village level CBOs including TA)** मद में दर्ज किया जायेगा।

जिन वाहनों का उपयोग इस कार्यक्रम हेतु किया जाना है उसमें **"जल-जीवन-हरियाली"** विषयक संदेश फ्लेक्स तथा बैनर के माध्यम से प्रदर्शित होगा। वाहन में ऐसे जीविका कर्मी पर्याप्त संख्या में रहेंगे जो यह सुनिश्चित करेंगे कि वाहन का चालन नियंत्रित गति सीमा के अन्तर्गत हो। सभी इकाई इस बात पर ध्यान रखेंगे कि वैसी जीविका दीदी जो स्वस्थ न हों या जिनके छोटे बच्चे/बच्चियाँ हों उन्हें इस कार्यक्रम में नहीं लाया जाय।

(बालामुरुगन डी०)

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-राज्य मिशन निदेशक

प्रतिलिपि:-

1. जिला परियोजना प्रबंधक / वित्त प्रबंधक/ जिला स्तरीय अन्य प्रबंधक/ प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक (पटना जिला)।
2. विशेष कार्य पदाधिकारी/निदेशक/प्रशासी पदाधिकारी / मुख्य वित्त पदाधिकारी / प्रोक्योरमेंट स्पेशलिस्ट / प्रोक्योरमेंट ऑफिसर।
3. सभी कार्यक्रम समन्वयक/राज्य परियोजना प्रबंधक/परियोजना प्रबंधक/ राज्य वित्त प्रबंधक/सहायक वित्त प्रबंधक।
4. राज्य समन्वयक, लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान।
5. जीविका-एस०पी०एम०यू० के अन्य सभी कर्मी।